कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक - परीक्षा/गोपनीय/2019/ 2012 दिनांक - 04 जून, 2019

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2019-20 की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रारम्भ किये जा रहे हैं। पंजीकरण हेतु अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वैबसाईट kunainital.ac.in के माध्यम से ₹ 50.00 ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। पंजीकरण शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी को बैंक द्वारा प्रदत्त ट्रान्जेक्शन नम्बर तथा जन्मतिथि के माध्यम से लॉग-ईन करके पंजीकरण आवेदन पत्र जमा करना होगा।

अभ्यर्थी दिनांक 04.06.2019 से केवल बी0 ए0, बी0 एस-सी0 तथा बी0 कॉम0 प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण कर सकेगा शेष कक्षाओं (एम0 ए0, एम0 एस-सी0 तथा एम0 कॉम0 व व्यवसायिक पाठ्यक्रमों - Professional Courses) के प्रथम सेमेस्टर हेतु पंजीकरण दिनांक 08.06.2019 से प्रारम्भ किया जा सकेगा।

प्रत्येक अभ्यर्थी को पृथक-पृथक परिसर/महाविद्यालय/संस्थान, कक्षा तथा पाठ्यक्रम हेतु पृथक-पृथक पंजीकरण आवेदन पत्र भरना होगा परन्तु पंजीकरण शुल्क केवल एक ही बार जमा किया जाना होगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी पंजीकरण करने से पूर्व परिसर/महाविद्यालय/संस्थान से सम्पर्क कर यह सुनिश्चित कर ले कि जिस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पंजीकरण किया जा रहा है वह पाठ्यक्रम/विषय उक्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थान में संचालित किया जा रहा है अथवा नहीं। यदि अभ्यर्थी किसी ऐसे पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पंजीकरण करता है जोकि परिसर/महाविद्यालय/संस्थान में संचालित नहीं किया जा रहा है अथवा उस विषय की मान्यता परिसर/महाविद्यालय/संस्थान को प्राप्त नहीं है तो ऐसे पंजीकरण आवेदन पत्रों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। प्रवेश पंजीकरण हेतु अन्तिम तिथि 25.06.2019 निर्धारित की गयी है।

परीक्षा नियन्त्रक 4/06/19

पृष्ठांकन सं0 - परीक्षा/गोपनीय/2019/2012, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक - 05 जून, 2019 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें -

1. दैनिक जागरण, नैनीताल।
2. अमर उजाला, नैनीताल।
3. दैनिक आज, नैनीताल।
4. राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
5. उत्तर उजाला, नैनीताल।
6. शाह टाइम्स, नैनीताल।
7. हिन्दुस्तान, नैनीताल।
8. उत्तरांचल दीप।
9. न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।
10. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियन्त्रक 4/06/19